दिन– रविवार दिनांक– 01 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन के अंतिम दिन देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। मुख्य रूप से साइबर अपराध, तटीय सुरक्षा और माओवादी उग्रवाद से निपटने पर विचार किया जा रहा है। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गृह सचिव गोविंद मोहन, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद हैं।

—————————————————————

आज विश्व एड्स दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन लोगों को एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और एचआईवी पीडित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त करने का भी अवसर प्रदान करता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने जांच और उपचार की नीति पर अमल किया है। इसके परिणाम स्वरूप अब देश में एड्स से होने वाली मौतों में उनासी प्रतिशत की कमी आई है। श्री नड्डा ने कहा कि भारत ने इस बीमारी की सबसे सस्ती और कारगर दवा बनाने में सफलता भी प्राप्त की है। स्वास्थ्य मंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भारत वर्ष दो हजार तीस तक इस बीमारी से मुक्त हो जाएगा। इस मौके पर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

—————————————————————

बेगूसराय स्थित राष्ट्रीय फैशन औद्योगिक केन्द्र में जीविका दीदियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उपमुख्यमंत्री सम्राट .चौधरी ने जीविका दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद आयोजित सभा को

सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

——————————————————————————

नशामुक्ति का संदेश देने के लिए आज भारतीय स्टेट बैंक और मद्य निषेध विभाग की ओर से पटना के गांधी मैदान से जे.पी गंगा पथ तक फुल और हाफ मैराथन सहित विभिन्न श्रेणियों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मशहूर बैंडमिंटन खिलाड़ी और ओलंपियन सायना नेहवाल ने हरी झंडी दिखा कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सायना नेहवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से नशे के खिलाफ लोगों में जागरूकता बढ़ाने मे मदद मिलती है। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने का भी आह्वान किया। मैराथन में जिला प्रशासन और मद्य निषेध विभाग के अधिकारियों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आये धावकों ने भाग लिया। महिलाओं की फुल मैराथन में सेनेथ कैफलेन लेशार्ज, जेनात शिकूर राशिद और बिसले गाई ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

——————————————————————————

सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए रैली बीस से सत्ताईस दिसम्बर तक दानापुर में आयोजित की जायेगी। इसमें पटना, बक्सर, भोजपुर, सीवान, सारण, गोपालगंज और वैशाली के चयनित युवा शामिल हो सकेंगे। सेना से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीस से छब्बीस दिसम्बर तक केवल पुरूष अभ्यर्थी भर्ती रैली में शामिल होंगे जबकि सत्ताईस दिसम्बर को महिला उम्मीदवारों की रैली आयोजित की जायेगी।

——————————————————————————

पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज रोहतास के डेहरी में सबसे कम न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग के अनुसार पटना और पूर्णियां जिले में मध्यम से घना स्तर का कुहासा सुबह के समय छाया रहा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान सुबह के समय राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

---

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के सरेंजा गांव में मिट्टी में दबकर चार बच्चियों की मौत हो गई।

---

मधुबनी जिला का आज बावनवां स्थापना दिवस है। जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों का उद्घाटन किया।

---

समाप्त